श्री बंशीधर नगर, शनिवार
22.02.2025
फाल्गुन कृष्णपक्ष नवमी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 178

सूर्योदय-सूर्यास्त
उदय - 06:23 बजे
अस्त - 05:55 बजे

तापमान
अधिकतम : 31 डिग्री से.
न्यूनतम : 16 डिग्री से.



कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
# बंशीधर न्यूज



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

सीएसपी संचालक ने विधवा के खाते से निकाली राशि >> पेज 03
सौरव गांगुली का किरदार निभाएंगे राजकुमार राव >> पेज 04

## सुविचार

कुछ बातें, कुछ यादें और कुछ लोग कभी भुलाये नहीं जा सकते

## न्यूज अपडेट्स

### बच्चे के गले में अटका मटर का दाना, मौत

**लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र के गुड़ी करंज टोली में मटर खाने के दौरान गले में मटर का दाना फंस जाने के कारण डेढ़ वर्षीय बच्चे की मौत का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। मृतक बच्चा गुड़ी करंज टोली निवासी खुदी उरांव का पुत्र शिवम उरांव है। गुरुवार को बच्चे के परिजनों द्वारा खेत से मटर सहित पौधा उखाड़कर घर लाया गया था। डेढ़ वर्षीय मासूम खेलते हुए मटर खा रहा था। इसी क्रम में मटर का दाना बच्चे के गले में फंस गया। इससे बच्चे की स्थिति बिगड़ने लगी। परिजनों ने बच्चे को सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा बच्चे की जांच करते हुए मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। आसपास के लोग उन्हें समझा बुझा रहे हैं।

**जैक** 10वीं बोर्ड परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक मामले में कार्रवाई

# कोडरमा से दो गिरफ्तार



**कोडरमा।** झारखंड 10वीं बोर्ड परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक मामले पर झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से आदेश जारी होने के बाद जिला प्रशासन ने इस मामले में जांच तेज कर दी है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने मामले पर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक जांच टीम गठित की है। जांच टीम ने पेपर लीक मामले में 12 घंटे के अंदर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रशासन ने बताया कि पेपर लीक मामले पर पुलिस विभाग ने अपने साइबर सेल को विशेष निर्देश देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी हर गतिविधियों निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मरकच्चो थाना में मामला दर्ज किया गया है, दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। इनमें प्रशांत कुमार साव और आशीष कुमार साव शामिल हैं। इधर कोषागार से पेपर लीक होने की बात को उपायुक्त ने सीधे तौर पर खारिज किया है।

### कोचिंग संचालक प्रशांत कुमार साव गिरफ्तार

हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक कराने के मामले में पुलिस ने कोडरमा जिले के जामु निवासी स्कूल कोचिंग संचालक प्रशांत कुमार साव और आशीष कुमार साव को गिरफ्तार किया है। प्रशांत मरकच्चो प्रखंड के जामू में एक प्राइवेट स्कूल और कोचिंग सेंटर चलाता है। प्रशांत ने पुलिस को बताया कि उसे मरकच्चो निवासी प्रिंस राणा नामक छात्र ने प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया था। प्रिंस मूक-बधिर है, जो खुद इस बार परीक्षा में शामिल होने वाला था। प्रिंस अपने पिता इंद्रदेव विश्वकर्मा और मां आरती देवी के साथ इलाज के लिए बेंगलुरु गया है। बताया जा रहा है कि बेंगलुरु से वापस आने वाली ट्रेन छूट जाने की वजह से वह परीक्षा में शामिल नहीं हो पाया। पुलिस जब प्रिंस के घर पर दबिश दी तो वहां उसकी दादी और छोटा भाई गौतम मिला। प्रश्नपत्र एक व्हाट्सएप ग्रुप में मात्र 350 रुपए में बेचे गए थे। इस ग्रुप का एडमिन प्रिंस ही है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड एग्जामिनेशन से यह व्हाट्सएप ग्रुप हाल में बनाया गया था। इस ग्रुप से जुड़ने के लिए छात्रों को लिंक भेजे गए थे। इस ग्रुप में एक हजार से ज्यादा लोग जुड़े थे। ग्रुप से जुड़ने के बाद प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के बदले क्यूआर कोड से 350 रुपए मांगे गए थे। प्रश्नपत्र के पीडीएफ को अनलॉक करने के लिए पासवर्ड बनाया गया था। जिन लोगों ने रुपए का भुगतान किया, उन्हें पासवर्ड उपलब्ध कराया गया था।

### महाराष्ट्र और देवघर से भी तार जुड़े होने के सबूत

पेपर लीक मामले में कई कोचिंग संचालक के भी तार जुड़े होने की बात सामने रही हैं। पूछताछ में महाराष्ट्र और देवघर, गिरिडीह से भी इसके तार जुड़े होने के सबूत मिल रहे हैं जहां टीम को भेजा गया है। सभी मामलों की जानकारी जैक द्वारा बनाई गई समिति को दे दी गई है। बता दें कि झारखंड में 18 फरवरी को हिंदी और 20 फरवरी को विज्ञान की परीक्षा का आयोजन किया गया था। दोनों पेपर के प्रश्न सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। जैक के द्वारा पूछे गए प्रश्नों से जब वायरल प्रश्न पत्रों का मिलान किया गया तो कई सवाल एक समान पाए गए। जैक ने उसके बाद हिंदी और विज्ञान की परीक्षा को रद्द कर दिया था।

# पोस्ते की फसल को पूर्णतः नष्ट करें : अलका



**रांची।** राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने प्रदेश में पोस्ते की फसल की सौ फीसदी विनष्टीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पोस्ते की खेती के खिलाफ इस अभियान को 15 मार्च तक जारी रखने का निर्देश देते हुए अभियान से जुड़े अधिकारियों को आपसी समन्वय को और मजबूत करने को कहा है। मुख्य सचिव अलका तिवारी यहां शुक्रवार को पोस्ते की खेती के खिलाफ दो माह पहले अपनी अध्यक्षता में हुई बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा कर रही थीं। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि पोस्ते की खेती के खिलाफ अभियान के दौरान कुल 19,086 एकड़ में लगी फसल को नष्ट किया गया है, जो पिछले कुछ वर्षों से चार गुणा अधिक है। सबसे अधिक खूंटी में 10,520 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल को नष्ट किया गया है। दूसरे स्थान पर रांची जिला है, जहां 4624 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल नष्ट की गई है। सबसे कम पलामू में 396 एकड़ में लगे पोस्ते के पौधे को नष्ट किया गया है। बैठक में बताया गया कि कुछ जगहों पर अभी भी पोस्ते की फसल को नष्ट करना बाकी है, जहां स्पेशल ड्राइव चलाकर कार्रवाई चल रही है। गौरतलब है कि पोस्ते की खेती से झारखंड के कुल आठ जिले चतरा, खूंटी, लातेहार, रांची, पलामू, चाईबासा, सरायकेला और हजारीबाग प्रभावित हैं।

# मौत पर भड़का आक्रोश, हाइवा फूंका, पुलिस पर पथराव



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पिपरा थाना क्षेत्र के होलेया गांव के समीप सुखनदिया पुल पर शुक्रवार शाम हाइवा ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि बाइक पर बैठी उसकी बहन गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। बहन इंटर की परीक्षा देकर लौट रही थी। भाई उसे लेकर बाइक से घर जा रहा था। युवक की पहचान हिमांशु कुमार के रूप में हुई है। बहन सरोज गुप्ता की पुत्री अदिति कुमारी बतायी गयी है। घटना के बाद मृतक के परिजन आक्रोशित हो गए और हाइवा में आग लगा दी। हस्तक्षेप करने पर पुलिस पर पथराव किया गया। दो घंटे तक सड़क जाम भी रहा। हालांकि हाइवा को फूंकने और पुलिस पर पत्थर चलाकर आक्रोशित लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस हाइवा में लगी आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि इसमें सफलता नहीं मिली। पुलिस हाइवा फूंकने वालों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। जानकारी के अनुसार दोनों भाई बहन एक बाइक से लौट रहे थे कि अचानक सुखनदिया पुल पर हाइवा ने मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठी छात्रा अदिति कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई है। आसपास के लोगों ने तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले गए। मृत युवक पिपरा निवासी सुदर्शन गुप्ता का पुत्र बताया गया है। हिमांशु अपनी चचेरी बहन अदिति को हुसैनाबाद से इंटर की परीक्षा दिलाकर बाइक से घर लौट रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हाइवा को घटनास्थल पर छोड़कर चालक फरार हो गया।

# हेमंत सरकार के मंत्रियों को मिला बंगला



**रांची।** हेमंत सरकार ने शुक्रवार को रांची के धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी में बनाए गए बंगलों को कैबिनेट के सभी मंत्रियों को आवंटित कर दिया। इस संबंध में भवन निर्माण विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। विभाग ने कहा है कि आवंटित आवासीय भवन, आवासीय परिसर में किसी भी तरह का निर्माण एवं परिवर्तन बिना अनुमति के नहीं किया जा सकता है। वहीं, पहले से किसी मंत्री को कोई आवास आवंटित है तो वह स्वतः अब रद्द हो जायेगा। जारी आदेश के अनुसार वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को बंगला संख्या-तीन, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुआ को बंगला संख्या-आठ, कल्याण मंत्री चमरा लिंडा को बंगला संख्या-सात, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव को बंगला संख्या-11, स्कूली शिक्षा साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन को बंगला संख्या-दस, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को बंगला नंबर चार, जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन को बंगला नंबर-छह, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह को बंगला संख्या-नौ, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद को बंगला संख्या-पांच, नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार को बंगला संख्या- एक, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को बंगला संख्या - दो आवंटित किया गया है।

# हवलदार महिमानंद की शहादत ने बताया कि वीरों का कैसा होता है वसंत



परशुराम तिवारी



आपको याद होगा कि कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक तस्वीर तेजी से वायरल हुआ था जिसमें एक सैनिक के दोनों पैर विस्फोट से उड़े हुए थे और उनके विस्तारित नेत्र शून्य को निहार रहे थे। दृश्य इतना वीभत्स व मार्मिक था कि वहां नजर टिकाना मुश्किल था। वह दृश्य दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़ में कार्यरत एक सीआरपीएफ के जवान का था जो घात लगाकर किए गये नक्सली हमले में बुरी तरह से घायल हो गये थे। वह थे पलामू जिला के नीलांबर-पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) प्रखंड अंतर्गत कमलकेड़िया गांव के निवासी महिमानंद शुक्ला। वाक्यों को भूतकाल में लिखने का मतलब यह है कि हवलदार महिमानंद शुक्ला को लाख कोशिशों के बाद भी नहीं बचाया जा सका। विस्फोट ने पहले पैर उड़ा दिए और बाद में हुए संक्रमण से जान चली गई। शहादत देने वाले महिमानंद शुक्ला न तो पहले शहीद हैं और नहीं अंतिम। लेकिन ऐसी हर शहादत के बाद सुभद्रा कुमारी चौहान की वह पंक्ति बरबस याद आती है कि वीरों का कैसा हो वसंत? कवयित्री की चिंता है कि सैनिक कभी चैन की नींद नहीं सोते। प्रायः वह खुद को युद्ध भूमि में ही पाते हैं। इसलिए शायद उनके लिए युद्ध ही वसंत है। युद्ध यानी त्रासदी और सैनिक इसी त्रासदी से पंजाब लड़ता फिरता है। दरअसल कवयित्री की अभिव्यक्ति जनमानस की ही अभिव्यक्ति है। एक सैनिक अपनी जान पर खेलकर देश की अस्मिता की रक्षा करता है। जवान महिमानंद शुक्ला युद्ध भूमि में शहीद हो गये किन्तु उन्होंने जान देकर भी हार नहीं मानने के सैन्य परंपरा को कायम रखा। संतान के सिर से पिता का साया उठ गया। पत्नी का सुहाग मिट गया। माता-पिता का चिराग बुझ गया। पर भारत भूमि के आन बान शान की रक्षा के लिए महिमानंद शुक्ला का बलिदान प्रेरणा का स्मारक बन गया। इस स्मारक को मूर्त रूप दिया जाना चाहिए। इसके लिए उनके गांव में उनका स्टेच्यू लगाया जाना चाहिए, ताकि नयी पीढ़ियां अपने लाल की शहादत पर गर्व कर सके। श्मशान घाट से ही इसके लिए सुगबुगाहट शुरू हो गई है। इसे अंजाम तक पहुंचाया जाना चाहिए। शहीद महिमानंद शुक्ला के परिवार की ओर एक संवेदनशील दृष्टि बनी रहनी चाहिए। अंत्येष्टि स्थल पर सीआरपीएफ की टुकड़ी ने जब शहीद के पुत्र रिशु शुक्ला के हाथ में भारत का तिरंगा सौंपा तो सबकी आंखें नम हो गईं। उस भावुक क्षण को याद रखा जाना चाहिए। वस्तुतः यह वही क्षण है जो बताता है कि वीरों का ऐसा होता है वसंत।

**महिमानंद की शहादत को सलाम। विनम्र श्रद्धांजलि।**

### हार्डकोर नक्सली तुलसी महतो महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**हजारीबाग।** झारखंड पुलिस ने महाराष्ट्र पुलिस के सहयोग से हार्डकोर नक्सली तुलसी महतो उर्फ दिलीप महतो को महाराष्ट्र के यवतमाल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उसे कड़ी सुरक्षा में हजारीबाग लाया गया। हजारीबाग लाने के बाद शुक्रवार देर शाम शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उसकी शारीरिक जांच करायी गयी। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। हार्डकोर उग्रवादी तुलसी महतो उर्फ दिलीप महतो 56 वर्ष का है। जो मूल रूप से आंगो थाना क्षेत्र के चोह ग्राम का रहने वाला है। इसे हिंदी के अलावा मराठी और खोरठा भी आता है। वह 2001 से नक्सली संगठन से जान बचाकर मुंबई में छिपकर काम कर रहा था। 1993 में वह नक्सली संगठन से जुड़ा था। तुलसी महतो जनरल कमांडर मिथिलेश सिंह, सब जोनल कमांडर सोहन मांझी, वगार जी, करू गंझू, किशोर मांझी, विजय मांझी, किशोर दा, विजय दा का सहयोगी बताया जाता है। इसके ऊपर मांडू थाना, विष्णुगढ़ थाना, सदर थाना,चौपारण थाना, चुरचु थाना में छह से अधिक मामला दर्ज है।

# किसानों के साथ नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ने की बैठक




बंशीधर न्यूज

**कांडी :** प्रखंड के डगर गांव में शुक्रवार को नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक एसके जहांगीरदार, डीजीएम राकेश सिन्हा व डीडीएम दीपक कुमार का आगमन हुआ। आगमन का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही केंद्र प्रायोजित योजना किसान उत्पादक संगठन एफपीओ के अंतर्गत कांडी प्रखंड में बने सोनग्रीन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के किसानों के साथ बैठक कर योजना के द्वारा किसानों को कहां तक फायदा पहुंच रहा है और आगे किसानों को किस प्रकार से फायदा पहुंचाया जा सकता है, उसके बारे में किसानों से सलाह मशवरा करना रहा। बैठक का आयोजन डगर गांव के प्रगतिशील किसान अखिलेश कुमार सिंह के सब्जी फार्म पर आयोजित की गई। बैठक में एफपीओ से जुड़े सदस्य और अन्य किसान भी लगभग 100 की संख्या में शामिल हुये। किसानों ने मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड के समक्ष प्रखंड में किसानी करने में हो रहे बहुत सारी समस्याओं के बारे में चर्चा की। मौके पर मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड ने कहा कि आपकी सारे फसलों के बाजार की व्यवस्था करना एफपीओ का काम है। जो बहुत जल्द आपके लिये एफपीओ करेगी। सभी किसान को कोई भी उन्नत खेती करने के लिये कोई भी ट्रेनिंग की आवश्यकता हो तो उसकी व्यवस्था भी नाबार्ड करेगी। नीलगाय के मुद्दे पर उन्होंने कहा की नीलगाय की समस्या बहुत सारे राज्यो में है जिसका समाधान नाबार्ड तो नहीं कर सकती लेकिन इस मुद्दे को आगे रखने का काम करेंगी। मुख्य महाप्रबंधक ने अपने व्यक्तव्य में एफपीओ के साथ 1500 किसानों के जुड़ने पर खुशी व्यक्त किया एवं इस कृत के लिए एफपीओ को बधाई दी। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### कबाड़ी दुकानदार ने कबाड़ी कर्मी को पीटा

**भवनाथपुर :** भवनाथपुर के कबाड़ी दुकानदार के द्वारा यूपी के एक कबाड़ी दुकान के कर्मी को बीती शाम जमकर मारपीट करने और भवनाथपुर पुलिस को सौंपने का मामला प्रकाश में आया है। पिटाई से गंभीर रूप से घायल यूपी के अजित पासवान पिता स्व राजकिशोर पासवान ने थाने में मारपीट करने की लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। दिये आवेदन में कहा है कि गुरुवार को मैं अपना ऑटो से यूपी से निकलकर खरौंधी में कुछ कबाड़ा खरीद किया था। इसके बाद भवनाथपुर एचपी पेट्रोल पंप के पास अपने रिश्तेदार लक्ष्मण पासवान के घर चावल लेने के लिये गाड़ी से आया था। इसी बीच मेरे गाड़ी के पास दो युवक बाईक से आये और गाली गलौज करते हुये लाठी से पिटाई करने लगे। जिसमें मेरे साथ सहयोगी धीरज लाल पिता जवाहिर राम यूपी के रोरवा निवासी भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उक्त लोगों ने धीरज को अपने बाईक से जबरन बैठाकर लाया। जबकि दूसरा व्यक्ति के द्वारा मेरे मैजिक ऑटो को भवनाथपुर बाजार में जबरन लाकर रख लिया गया। जहां से पुलिस के द्वारा हम दोनों को थाना लाया गया। उक्त दोनों आरोपियों को पता करने पर जानकारी हुई कि भवनाथपुर बाजार निवासी आनंद गुप्ता और परमानंद गुप्ता पिता प्रदीप साह है जो कबाड़ी का कार्य करते है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी थाना प्रभारी परवेज आलम ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है जांचों उपरांत कार्रवाई की जायेगी।

## गढ़वा ▶ मैट्रिक की परीक्षा पर डीसी ने दी चेतावनी

# परीक्षा में अफवाह फैलाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिला दण्डाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने कहा है कि झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक), रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 का संचालन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला में पूरी सतर्कता के साथ संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया में कुछ अफवाह फैलाने का मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है, साईबर सेल एवं प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा जांच कर कार्रवाई की गई है। डीसी श्री जमुआर ने बताया कि जैक से प्राप्त प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका को कोषागार एवं संबंधित बैंक के वज्रगृह में सुरक्षित रखा गया है। वज्रगृह में सीसीटीवी सहित सुरक्षा बल प्रतिनियुक्त रहते हैं। परीक्षा की तिथि को



निर्धारित विषय का प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका गश्तीदल दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के द्वारा विडियोग्राफी/सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में केन्द्राधीक्षक को उपलब्ध कराया जाता है। पुनः परीक्षा समाप्ति के उपरांत गश्तीदल दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के द्वारा प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका कोषागार, गढ़वा के वज्रगृह में सुरक्षित रखा जाता है। जैक के पदाधिकारी व कर्मी सुरक्षा के साथ ले जाते है। डीसी ने बताया कि गढ़वा जिला में साईबर सेल नियमित रूप से कार्यशील है, सोशल मीडिया पर पूरी तरह से नजर बनाये हुये हैं। साईबर सेल गढ़वा के कंट्रोल रूम का संपर्क नम्बर 7643984021 है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक का अफवाह फैलाना एक संगीन अपराध है, आरोपी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही झारखण्ड अधिविद्य परीक्षा नियमावली में निहित प्रावधान के तहत भी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। डीसी ने गढ़वा जिला के सभी आमजनों से अपील कर कहा कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा को लेकर किसी प्रकार का अफवाह न फैलाएं, यदि किसी भी प्रकार के अफवाह या अन्य जानकारी प्राप्त हो तो उसे सोशल मीडिया पर शेयर न करे। सोशल मीडिया में इस तरह की भ्रांतियां उजागर होने पर साईबर सेल गढ़वा द्वारा तत्काल कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## सुदूरवर्ती गांवों में पहुंचे मंत्री राधाकृष्ण किशोर, दिया समस्या समाधान का आश्वासन

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** झारखंड राज्य के वित्त मंत्री सह छतरपुर के विधायक राधाकृष्ण किशोर ने पलामू प्रमंडल के अति सुदूरवर्ती पाटन व छतरपुर विधान सभा क्षेत्र के चिल्हो कला, विषयपुर व पाट्टादोहर गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ संवाद किया। ग्रामीणों ने वित्त मंत्री श्री किशोर के समक्ष बिजली, सड़क और पक्के मकान जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को



गंभीरता से लेते हुये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि यथाशीघ्र इन समस्याओं का समाधान किया जाय। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों के विकास के लिये ही काम कर रही है। लोगों को हर मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे इसके लिये सरकार प्रतिबद्ध है और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी। मौके पर पदाधिकारियों के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। वित्त मंत्री के इस भ्रमण में छतरपुर प्रखंड प्रमुख उर्मिला कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह, तत्कालीन नगर अध्यक्ष मोहन जायसवाल, पाटन पश्चिमी के पूर्व जिला परिषद सदस्य भोला सिंह, अरूण कुमार सिंह, प्रशांत किशोर उर्फ बंकू बाबू, ईश्वरी पांडेय, राजकमल तिवारी, अशोक सोनी, राजेन्द्र यादव, कमलेश यादव, मंजुल गुप्ता, राकेश कुमार, बिजल कुमार, मुकेश कुमार, बिजली चंद्रवंशी, नंदलाल प्रसाद, जूना जायसवाल सहित सैकड़ों ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## राजकीय सम्मान के साथ अमानत नदी तट पर हुआ दाह संस्कार

# शहीद महिमानंद शुक्ला को दी गयी अंतिम सलामी

### सांसद व विधायक के साथ पुलिस के आला अधिकारियों ने दी सलामी

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में शहीद हुये पलामू के सपूत महिमानंद शुक्ला को अंतिम सलामी दी गयी और राजकीय सम्मान के साथ अमानत नदी तट पर दाहसंस्कार किया गया। स्व शुक्ला सीआरपीएफ में थे और नक्सल विरोधी



अभियान में तैनात थे। गत 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बारूदी सुरंग विस्फोट में उनके दोनों पैर उड़ गये थे। उन्हें गंभीर हालत में रायपुर में भर्ती कराया गया, जहां मौत हो गयी। महिमानंद शुक्ला का पार्थिव शरीर गुरुवार की देर रात पलामू के लेस्लीगंज स्थित उनके पैतृक गांव कमलकेड़िया पहुंचा। पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचने के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया। महिमानंद शुक्ला अमर रहे के नारों से गूंज उठा। महिमानंद शुक्ला का एक बेटा और एक बेटी है। अंतिम संस्कार से पहले चतरा सांसद कालीचरण सिंह, पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, सीआरपीएफ झारखंड सेक्टर आईजी साकेत सिंह, पलामू डीआईजी वाईएस रमेश, सीआरपीएफ डीआईजी पंकज कुमार समेत पलामू के कई पुलिस अधिकारियों ने सलामी दी। साथ ही सीआरपीएफ आईजी समेत अन्य अधिकारियों ने शहीद जवान को कंधा भी दिया। इस दौरान सीआरपीएफ की टुकड़ी ने उन्हें सलामी दी। सीआरपीएफ आईजी साकेत कुमार सिंह ने परिजनों से बात की और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

## गोदरमा के एक घर में आग लगने से लाखों का नुकसान



**विश्रामपुर :** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड तीन में गोदरमाकला के आशीष ठाकुर के बंद घर में शुक्रवार की दोपहर में अचानक आग लगने से घर में रखा गया सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य वहां से आठ किमी दूर पांडू थाने के बंदला गांव स्थित प्राचीन देवी स्थल चेड़ीधाम पूजा करने गये हुये थे। पड़ोस के लोग जब घर से धुंआ निकलते देखा तो अगल बगल के लोग ताला तोड़कर किसी तरह आग बुझाया। वहां उपस्थित लोगों ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने का संदेह व्यक्त किया है। पीड़ित परिवार ने इसकी सूचना सीओ व थाने को देने की बातें कही है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता मणिभूषण पांडेय ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## मम्मी की मार से बाहर भाग रहे दो नाबालिग को आरपीएफ ने रेस्क्यू कर मानव तस्करी से बचाया

**विश्रामपुर :** डालटनगंज आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन परिसर से दो नाबालिग को अपने कब्जे में लेकर चाईल्ड केयर को सुपुर्द कर दिया है। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव ने बताया कि महाकुंभ को लेकर वे अपने जवानों के साथ प्लेटफार्म पर गश्त लगा रहे थे। इसी बीच उन्होंने देखा कि दो बच्चे काफी डरे सहमे किनारे खड़े हैं। संदेह के आधार पर उनसे पूछताछ की गई तो दोनों ने बताया कि उनकी मम्मी उनसे अक्सर मारपीट किया करती है। जिसके कारण ही दोनों अपने घर से भाग निकले हैं और दिल्ली तरफ जाने की तैयारी में हैं। दोनों नाबालिग लातेहार के हैं। आरपीएफ इंस्पेक्टर श्री यादव ने बताया कि दोनों नाबालिग को रेस्क्यू कर उन्हें मानव तस्करी से बचाने के लिये बरवाडीह (लातेहार) रेलवे चाईल्ड हेल्प डेस्क के पर्यवेक्षक को सौंप दिया गया है।

## जिला परिषद के आवंटित दुकानों का किराया जमा नहीं करने वालों का आवंटन होगा रद्द : डीडीसी



**मेदिनीनगर :** पलामू डीडीसी-सह-जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शब्बीर अहमद ने जिला परिषद के दुकानों के आवंटियों द्वारा लंबे समय से किराया जमा नहीं करने को गंभीरता से लेते हुये कार्रवाई की बात कही है। जिला परिषद की राजस्व वसूली एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि ससमय किराया जमा नहीं करना गंभीर बात है। इससे सरकारी राजस्व की हानि हो रही है। उन्होंने लंबे समय से किराया जमा नहीं करने वाले आवंटियों को अंतिम रूप से नोटिस जारी करने का निदेश दिया। इसके बावजूद बकायेदारों द्वारा किराया जमा नहीं करने की स्थिति में बकायेदारों का आवंटन रद्द करने तथा उनकी दुकानें सील करने की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इसके अतिरिक्त बकाया वसूली हेतु आवंटियों के विरुद्ध नीलाम पत्र वाद दायर करने की कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। समीक्षा के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि बकायेदारों को पूर्व में कई बार नोटिस भेजकर बकाया राशि जमा करने हेतु निर्देशित भी किया गया है, इसके वाबजूद बकाया राशि को जमा नहीं किया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण की समीक्षा में यह पाया गया कि जिले में 280 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें से लगभग 100 केंद्र भूमि विवाद के कारण लंबित है। इस संदर्भ में संबंधित सीओ से फोन पर चर्चा कर समस्या के शीघ्र समाधान का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त, भूमि विवादों के त्वरित समाधान हेतु सीओ, समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी सीडीपीओ, एई एवं जेई के साथ एक विशेष बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा पंचायत भवन, स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन तथा 15 वें वित्त आयोग मद से संचालित योजनाओं एवं अन्य लंबित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिला अभियंता, सभी सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं जिला परिषद के कर्मी उपस्थित थे।

# आनंद ऑटोबाईक्स हीरो शो-रूम में इलेक्ट्रिक स्कूटर हुआ लॉन्च



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** रांची रोड रेड़मा में स्थित आनंद ऑटोबाईक्स शोरूम में हीरो कंपनी की विडा वी 2 इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च किया गया। इसकी लॉन्चिंग हीरो बाईक के ग्राहकों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर व फीता काटकर किया। मौके पर कंपनी की एचआर मैनेजर जोइता बोराल ने कहा कि विडा वी 2 पहली बार झारखंड के पलामू में लॉन्च किया जा रहा है। यह स्कूटर गढ़वा, लातेहार व पलामू जिले के अन्य हीरो शोरूम में केवल मेदिनीनगर स्थित आनंद ऑटो बाईक्स शोरूम में ही उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि वी 2 स्कूटर की खासियत को देख ग्राहकों में बड़ा उत्साह है। लॉन्चिंग के दिन ही चार स्कूटर की सेलिंग के साथ डिलीवरी हो चुकी है। जबकि कई गाड़ियों की बुकिंग भी हुई है। उन्होंने बताया कि स्कूटर में रीमूवलिंग बैट्री उपलब्ध कराया गया है। बैटरी चार्ज के लिये स्कूटर को चार्जिंग पॉइंट तक ले जाने की जरूरत नहीं है। स्कूटर से आसानी से बैटरी को निकाल कर घर मे, दूकान पर होटल, कॉलेज, कैफे सहित किसी भी सॉकेट पॉइंट में चार्ज कराया जा सकता है। इसमें 7 इंच का डपीएफटी मॉनिटर उपलब्ध कराया गया है। इसकी टॉप स्पीड 90 किलोमीटर है।

## न्यूज अपडेट्स

### शराब पीकर चला रहे थे बाईक, भरे 10,180 रु जुर्माना

**मेदिनीनगर :** यातायात पुलिस की ओर से सद्दीक चौक कोयल पुल के पास स्थित टेंपो स्टैंड के समीप वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान बिना हेलमेट व लाईसेंस के वाहन चला रहे 13 दो पहिया वाहनों को जब्त किया गया। जिसमें से 7 बाईक को चालान फाईन के लिये जिला परिवहन कार्यालय एवं 6 बाईक को व्यवहार न्यायालय भेजा गया। इसमें जिला परिवहन कार्यालय से 11 बाईक के लिये 16 हजार 153 रुपये चालान फाईन किया गया। वहीं शराब पीकर बाईक चला रहे एक चालक से 10 हजार 180 रुपये जुमार्ना वसूला गया। ट्रैफिक इंचार्ज समाल अहमद के अनुसार सीजेएम कार्यालय से दो दुपहिया वाहनों के लिये सात हजार रुपये फाईन किया गया। इस तरह यातायात पुलिस की पहल से आज चालान फाईन राशि 33 हजार 333 रुपया सरकार को प्राप्त हुआ।

### दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास

**मेदिनीनगर :** जिला व्यवहार न्यायालय के चतुर्थ जिला व सत्र न्यायाधीश व पोक्सो कोर्ट के स्पेशल जज अभिमन्यु कुमार की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी रामेश्वर सिंह को भारतीय दंड विधान की धारा पोक्सो एक्ट की धारा 4 व 376 (1) में दोषी पाते हुये 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 25 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वही 363 भादवि में पांच वर्ष की सजा व 15 हजार रुपए अर्थदंड लगा है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। छतरपुर थाना के बिषयपुर निवासी राजनारायण सिंह (बदला नाम) ने छतरपुर थाना में रामेश्वर सिंह के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## हेराफेरी ▶ विधवा ने एसबीआई नगर ऊंटारी के मैनेजर से की शिकायत

# सीएसपी संचालक ने विधवा के खाते से निकाली राशि

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी गांव निवासी मोहरी देवी ने भारतीय स्टेट बैंक के नगर ऊंटारी शाखा प्रबंधक को आवेदन देकर अपने पति स्वर्गीय शिवनाथ राम एवं उसके खाते से सीएसपी संचालक के द्वारा तीन बार में 89 हजार 500 रुपये की निकासी कर मात्र 21 हजार 500 रुपये दिये जाने की शिकायत की है। शाखा प्रबंधक को दिये आवेदन में मोहरी देवी ने कहा है कि भारतीय स्टेट बैंक में मेरे पति स्वर्गीय शिवनाथ राम के खाता संख्या 34219829370 तथा मेरा खाता संख्या 34219829392 है। गांव के ही सीएसपी संचालक संतोष यादव द्वारा मेरे पति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर मेरे पति के खाते से जमा राशि मेरे खाते में ट्रांसफर कराया गया। मुझे सहयोग देने का लालच दिखाकर सीएसपी संचालक ने तीन बार अलग-अलग अंगूठा लगवाया। पहली बार 23 अक्टूबर 2024 को अंगूठा लगवाकर 30 हजार रुपये की निकासी की तथा मुझे 3500 रुपये दिया। दूसरी बार 25 अक्टूबर 2024 को मेरे खाते से 30 हजार रुपये की निकासी कर मुझे 10 हजार रुपये दिया। पुनः 12 नवम्बर 2024 को मेरे खाते से 29 हजार 500 रुपये की निकासी कर मुझे 8 हजार रुपये दिया। जबकि सीएसपी संचालक ने तीन बार मे 89 हजार 500 रुपये निकासी की निकासी की और मुझे मात्र 21 हजार 500 रुपये दिया। साथ ही कहा गया कि खाते में इतने ही पैसा आने की बात कहा जब उसने अन्य ग्रामीणों से बातचीत की तो ग्रामीणों ने उसे बैंक स्टेटमेंट निकलवाने की सलाह दी। बैंक से स्टेटमेंट निकलवाने के बाद देखा गया तो अधिक राशि की निकासी की गई है। मोहरी देवी ने कहा कि अभी तक मेरे पति का खाता भी बंद नहीं हुआ है। मोहरी देवी ने शाखा प्रबंधक से पूरे मामले की जांच कर निकासी की गई शेष राशि 68 हजार रुपये वापस दिलाने तथा सीएसपी संचालक संतोष यादव के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# ज्ञान निकेतन में मनाई गई अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल के सभागार में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी और उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि यह दिवस आमतौर पर हर साल 21 फरवरी को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लुप्तप्रायः भाषाओं के संरक्षण के माध्यम से भाषाई विविधता को बढ़ावा देना है। यह दिन सांस्कृतिक पहचान और संचार को निर्धारित करने में मातृभाषाओं के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। भाषा मानव जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भाषा के माध्यम से ही एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के साथ अपने विचारों का आदान-प्रदान करता है। दुनिया भर के कई देशों, राज्यों, कस्बों और क्षेत्रों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं। भाषा वह डोर है जो सभी को एक साथ बांधती है। भाषा वह दर्पण है जिसमें व्यक्ति की संस्कृति और सभ्यता झलकती है। मौके पर शिक्षक खुर्शीद आलम, वीरेंद्र शाह, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, रागिनी कुमारी, शिवानी गुप्ता, ऋषभ श्रीवास्तव, पूजा, संतोष प्रसाद सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## सरकारी शराब दुकान में 17 लाख रुपये का गबन, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद :** प्रखंड के जेपी चौक स्थित सरकारी शराब दुकान के प्रभारी रोहित प्रजापति के खिलाफ शराब बिक्री का 16 लाख 97 हजार 822 रुपये गबन कर लेने की प्राथमिकी कराई गई है। सरकारी शराब दुकान के संचालक कंपनी केएस मल्टीफैसिलिटी सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड के फील्ड ऑफिसर निरमेंद्र गुप्ता ने हुसैनाबाद थाना में बुधवार को जेनिकी कराई है। आरोपी रोहित प्रजापति पिपरा थाना के मधुबना गांव का रहने वाला है जो वर्तमान में फरार है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि प्राथमिकी जांच की जा रही है। पुलिस को दिये गये आवेदन में निरमेंद्र गुप्ता ने कहा है कि रोहित प्रजापति गत वर्ष 14 अक्तूबर 2024 से दुकान में कार्यरत था। 17 फरवरी 2025 को क्षेत्रीय पर्यवेक्षक की जांच में उक्त राशि गबन किये जाने का खुलासा हुआ है। इसके बाद प्राथमिकी कराई गई है। आवेदन की प्रति डीसी, एसपी, एसडीओ, उत्पाद अधीक्षक आदि को भी दिया गया है।

## नेशन बिल्डिंग क्वीज केस कंपिटीशन में एश्वर्य बना प्रथम विजेता



**मेदिनीनगर :** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नेशन बिल्डिंग क्वीज कंपिटीशन 2025 का प्रथम विजेता एश्वर्य कुमार सिंह बना है। केन्द्रीय मंत्री मन्सुख मंडाविया ने पांच लाख रुपये नगद एवं एप्पल का लैपटॉप देकर एश्वर्य को पुरस्कृत किया। एश्वर्य के पिता राकेश कुमार सिंह एवं माता शुभांगी सिंह अपने बेटे की इस सफलता से काफी उत्साहित हैं। एश्वर्य ने बताया कि इस कंपिटीशन में आईआईटी, आईआईएम, एनआइटी एवं दिल्ली विवि के 57200 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। उस कंपिटीशन का फाईनल विजेता बनने पर एश्वर्य भी काफी खुश है। एश्वर्य के पिता राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जब वह अपने बेटे को कंपिटीशन में भाग लेने के लिये भेज रहे थे तो उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इतने बड़े राष्ट्रीय स्तर के कंपिटीशन में उनका बेटा प्रथम विजेता बनेगा, लेकिन जाते समय एश्वर्य ने आश्वस्त कराया था कि वह जरूर विजेता बनेगा। एश्वर्य के पिता राकेश कुमार सिंह मेदिनीनगर के बाइपास रोड में रहते हैं। वर्तमान में वे कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस में एक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।

## सोसाईटी की महिला सदस्य ने सचिव को सिक्कों से तौला

**गढ़वा :** गढ़वा स्थित दानरो नदी छठ घाट पर बुधवार को 351असहाय बहनों की सामूहिक शादी का आयोजन किया गया, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक कार्य था। इस सामूहिक विवाह के सफल आयोजन के लिये कन्या विवाह और विकास समिति के सचिव विकास माली द्वारा किये गये प्रयासों को सराहते हुये सोसाईटी की महिला सदस्य और शहर की अन्य महिलाओं ने उन्हें सिक्कों से तौल कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महिलाओं ने विकास माली के साहसिक कार्य की प्रशंसा की और उनके हौसले को और मजबूत किया। यह पहली बार था जब किसी सामाजिक कार्यकर्ता को उनके योगदान के लिये सिक्कों से तौला गया। विकास माली ने समिति की महिला और पुरुष कार्यकताओं के साथ गढ़वा प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सभी का सहयोग अहम रहा।

## पीएलवी ने मनाया अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत प्रखण्ड के चिरौंजिया मध्य विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस एवं लीगल लिट्रेसी क्लास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर पीएलवी रामाशंकर चौबे ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की 21 फरवरी 1999 ई को यूनेस्को ने स्वीकृति दी थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2008 ई को इस दिवस के महत्व को दशार्या। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि विश्व में भाषाओं और सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा मिल सके। पीएलवी अरविंद तिवारी ने शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009, बाल विवाह प्रतिषेध, बाल मजदूरी अधिनियम आदि की जानकारी दी। मौके पर प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार ओझा, शिक्षक शांतनु कुमार चौबे, शिव शंकर प्रसाद, संतोष कुमार कुशवाहा सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## योजनाओं में सिलिदिलिया कंस्ट्रक्शन ने लूट व बंदरबांट किया है : डा मेहता

# सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन पलामू को किया गया डीबार

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** झारखंड स्टेट रूरल रोड डवलपमेंट एजेंसी के अभियंता प्रमुख ने मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन डालटनगंज पलामू को डीबार कर दिया है। अभियंता प्रमुख ने 19 फरवरी को ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र के मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग के सभी अधीक्षण अभियंता और ग्रामीण कार्य प्रमंडल के सभी कार्यपालक अभियंता को डीबार सूची में डाल दिये जाने की जाने की जानकारी देते इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू घोषित किया है। पलामू जिले के पांकी विधानसभा समेत पाटन-छतरपुर विधानसभा क्षेत्रों में कई सड़क एवं पुल पुलिया, का निर्माण कार्य करने हेतू ग्रामीण कार्य विभाग से टेंडर के द्वारा लिया गया था। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत भी कार्य लिया गया था। पैकेज संख्या जेएच-पी3-22-23-पाल-02-एफडीआर की योजनाओं में सिलदिलिया कंस्ट्रक्श द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने तथा मनमाने ढंग से कार्य करना एवं योजनाओं के पूर्ण करने की निर्धारित अवधि बीत जाने के छह माह के बाद भी कार्य में प्रगति नहीं होना समेत विभिन्न लापरवाही बरते जाने के कारण कंपनी को डीबार किया गया है। पांकी विधायक सह झारखंड विधानसभा में प्राक्कलन समिति के सदस्य डा कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को पलामू परिसदन में प्रेसवार्ता उक्त जानकारी दी और कहा कि सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन विगत कई वर्षों से पांकी विधानसभा क्षेत्र में योजनाओं के नाम पर लूट एवं बंदरबाट करते आया है। इसकी सूचना झारखंड सरकार एवं भारत सरकार को दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस कंस्ट्रक्शन कंपनी ने बेदानी से सेवती 5.326 किमी, तरहसी से सोनपुरवा होते हुए तेतराई तक 20.478 किमी, पाटन से सरईडीह छतरपुर पीडब्लूडी पथ 12.835 किमी समेत उक्त पथों में तीन उच्चस्तरीय पुल निर्माण भी कराना था जो मई 2023 में संवेदक द्वारा एकरारनामा किया गया था। इसे दिसंबर 2024 तक पूरा करना था। इतना ही नहीं एफडीआर के काम में जो भी कार्य करना है उसका लैब टेस्ट कराना होता है। उसके बाद ही आगे का कार्य बढ़ सकता है। विधायक ने कहा कि एफडीआर तकनीक में एक विशेष प्रकार की मशीन से कार्य किया जाता है जिसकी गुणवत्ता काफी अच्छी होती है। इसे संवेदक के द्वारा उक्त मशीन का उपयोग करना है। इसमें किया गया या नहीं इसकी जानकारी संवेदक द्वारा जांच समिति को नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि संवेदक द्वारा योजनाओं को प्रमोद साव से बेच दिया गया। इसके द्वारा विभिन्न सड़कों पर गड्ढा बनाकर छोड़ दिया गया जिससे आमजनों को काफी परेशानी हो रही है। यह षडयंत्र इसलिये किया गया कि वर्तमान विधायक की छवि धूमिल हो सके लेकिन सच छिप नहीं सकती है। सरकारी योजनाओं में सिलिदिलया कंस्ट्रक्शन ने लूट व बंदरबांट किया है। पूर्व विधायक अपने विधायक कोटे की राशि में भी लीपापोती करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के महत्वकांक्षी योजना, एकलव्य विद्यालय है जो इसी कंस्ट्रक्शन ने बनाया है। हैंड ओवर होने के पूर्व ही विद्यालय भवन टूटने के कगार पर आ गया है। ऐसे संवेदक पर विभाग राशि गबन करने व अपराधिक मामला का प्राथमिकी दर्ज करे वरना राशि वसूल किये जाने को लेकर विधानसभा में सवाल उठाया जायेगा। प्रेसवार्ता में जिला विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, सरोज चटर्जी, बच्चन ठाकुर मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, उपस्थित थे।



## बॉक्स ऑफिस 'छावा' का जलवा जारी, 200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई फिल्म

लक्ष्मण उटेकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'छावा' इस समय दुनियाभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। यह फिल्म 14 फरवरी को सभी जगह रिलीज हुई। वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। 'छावा' देखने के बाद दर्शक विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना समेत पूरी स्टार कास्ट की जमकर तारीफ कर रहे हैं। यह फिल्म इस समय बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म 'छावा' ने अपनी रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड स्थापित कर लिए हैं। 'छावा' ने पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरूआत की। इसके बाद फिल्म ने महज तीन दिन में अपना बजट वसूल कर लिया और एक हफ्ते के अंदर 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। विक्की के लिए 'छावा' अब तक का सबसे यादगार पल है। फिल्मों में यह सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म बन गई है। इससे पहले उनकी फिल्म 'उरी' ने इतनी अच्छी कमाई की थी। रिपोर्ट्स के अनुसार,फिल्म 'छावा' के साथ इसने पहले छह दिनों में बॉक्स ऑफिस पर 197.75 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म ने सातवें दिन 17.61 करोड़ की कमाई की है। इसके चलते भारत में फिल्म का कुल कलेक्शन 215.36 करोड़ पहुंच गया है।

## बायोपिक में सौरव गांगुली का किरदार निभाएंगे राजकुमार राव





सौरव गांगुली की बायोपिक को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही थी और अब इस पर बड़ा अपडेट सामने आया है। पहले खबरें थीं कि आयुष्मान खुराना इस फिल्म में लीड रोल निभा सकते हैं, लेकिन अब खुद गांगुली ने खुलासा किया है कि उनकी भूमिका में राजकुमार राव नजर आएंगे। अभिनेता राजकुमार राव अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि वह 'दादा' के किरदार को बड़े पर्दे पर कितनी खूबसूरती से जीवंत करते हैं। सौरव गांगुली की बायोपिक को लेकर अब स्थिति और स्पष्ट हो गई है। खुद गांगुली ने बताया, ¶मैंने जो सुना है, उसके अनुसार राजकुमार राव बायोपिक में मुख्य भूमिका निभाएंगे, लेकिन तारीखों का मुद्दा है, इसलिए इस फिल्म को पर्दे पर आने में एक साल से अधिक समय लग सकता है। हालांकि, फिल्म के देरी से आने की खबर से फैंस को थोड़ा इंतजार जरूर करना पड़ेगा, लेकिन राजकुमार राव की मौजूदगी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह और भी बढ़ा दिया है। अपनी दमदार अदाकारी के लिए मशहूर राजकुमार राव के हाथों में यह किरदार पूरी तरह फिट बैठता है, और दर्शकों को उम्मीद है कि वह गांगुली की जिंदगी के हर पहलू को पर्दे पर जीवंत करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक सौरव गांगुली की बायोपिक के लिए सबसे पहले रणबीर कपूर से बातचीत की गई थी। जब उनके साथ बात नहीं बनी, तो निमार्ता आयुष्मान खुराना के पास गए। कहा जा रहा था कि आयुष्मान ने फिल्म साइन भी कर ली थी, लेकिन किसी कारणवश वह इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गए। हालांकि, अब खुद सौरव गांगुली ने राजकुमार राव के नाम पर अपनी मुहर लगा दी है, जिससे यह साफ हो गया है कि यह प्रतिभाशाली अभिनेता भारतीय क्रिकेट के दादा की भूमिका निभाते नजर आएंगे।

## पहाड़ी बाबा को 151 महिलाओं ने चढ़ाई हल्दी



# आदिवासी युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठा रहे : हेमंत



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में अंतरराष्ट्रीय संस्था वर्ल्डबीइंग के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी स्टीव लेवेन्थल (यूएसए) ने मुलाकात की। इस दौरान स्टीव ने वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की ओर से आदिवासी युवाओं को सशक्त करने और उनके कल्याण की दिशा में किए जा रहे कार्यों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

इस मुलाकात के दौरान वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन के स्टीव ने आरोहन कार्यक्रम के जरिए आश्रम आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों और विद्यार्थियों में आए सकारात्मक बदलावों को भी मुख्यमंत्री के साथ साझा किया। मुख्यमंत्री ने इस अंतरराष्ट्रीय संस्था के इस राज्य के आदिवासी समाज के उत्थान और विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को विस्तार से जाना और उसकी सराहना की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है। इस राज्य की आदिवासी युवा पीढ़ी को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक सहित अन्य सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने की दिशा में हमारी सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इसमें विभिन्न संस्थाओं का सहयोग काफी कारगर साबित हो सकता है। सरकार सभी के सकारात्मक सहयोग से इस राज्य को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी युवा मानसिक रूप से कैसे मजबूत हों, इसमें सरकार आपके द्वारा किए गए कार्यों का गहराई से आकलन कर आगे बढ़ेगी।

वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की झारखंड प्रभारी सुनीता मुंडा ने कहा कि यहां के आदिवासी युवाओं में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है। विपरीत परिस्थितियों से भी वे लड़ने की पूरी क्षमता रखते हैं। मानसिक रूप से उन्हें थोड़ा मजबूत बनाने की जरूरत है। ऐसे में यह संस्था अपने आरोहन कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी युवाओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है। वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह संस्था आरोहण के जरिए बिहार की शिक्षा व्यवस्था के साथ जुड़कर काम कर रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में भी आरोहण को शिक्षा के मुख्य प्रणाली मैं कैसे शामिल किया जाए, इसके लिए सरकार गंभीरता से विचार करेगी। इस दिशा में झारखंड के शिक्षकों एवं अधिकारियों की टीम को बिहार में आपके द्वारा किए गए कार्यों को देखने के लिए भेजा जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे।

### रजरप्पा से लापता हुई लड़की को लेकर बढ़ता जा रहा दो संप्रदाय में तनाव

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र से लापता हुई 28 वर्षीय लड़की को



लेकर दो संप्रदायों में तनाव बढ़ता जा रहा है। एक तरफ जहां लड़की के घर वाले और समाज के लोग उतावले हो रहे हैं, वहीं दूसरे समुदाय के लड़के के परिवार वाले भी दहशत में हैं। यह मुद्दा तब और ज्यादा चर्चित हुआ जब शुक्रवार को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने इस मामले पर टिप्पणी कर दी। उन्होंने पुलिस को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि लड़की वापस नहीं आ रही है जिसे लेकर समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अगर किसी भी तरह का विवाद होता है तो उसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। रजरप्पा थाना क्षेत्र के चितरपुर की एक लड़की खुशबू (काल्पनिक नाम) मुस्लिम समुदाय के एक लड़के मो गालिब उर्फ राजा पिता मुख्तार खान के साथ चली गई थी। खुशबू के परिजनों ने इस मामले में नौ फरवरी को ही लड़की के लापता होने की सूचना थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने जब छानबीन की तो पता चला कि यह मामला गुमशुदगी का नहीं, बल्कि प्रेम प्रसंग का है। रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने इस मामले की सूचना लड़की के परिजनों को दी। साथ ही फोन पर बात भी कराई। पुलिस ने बताया कि लड़की अपने परिवार वालों के साथ संपर्क में है।

Hit लिस्ट

### पूर्वोत्तर की यात्रा पर गुवाहाटी पहुंचे डॉ. भागवत

**गुवाहाटी।** 21 से 25 फरवरी तक पूर्वोत्तर के पांच दिवसीय दौरे पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत शुक्रवार देर शाम



गुवाहाटी पहुंचे। सरसंघचालक डॉ. भागवत सुरक्षा के बीच लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीधे गुवाहाटी के बरबारी स्थित सुदर्शनालय पहुंचे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए, सरसंघचालक डॉ. भागवत का यह दौरा भारत के विभिन्न हिस्सों में किए जा रहे उनके दौरों का एक हिस्सा है। उल्लेखनीय है कि डॉ. भागवत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संगठन के कार्य विस्तार, कार्य की दृढ़ता, शाखाओं के माध्यम से समाज में परिवर्तन जैसे विषयों पर स्वयंसेवकों के साथ विचार-विमर्श करेंगे।

### सोनिया गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य



सोनिया गांधी को शुक्रवार को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिल गई। उनको गुरुवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सोनिया गांधी को पेट में संक्रमण और नियमित जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार सुबह डॉक्टरों ने उन्हें छुट्टी दे दी। उनकी गुरुवार सुबह नियमित जांच हुई थी, लेकिन पेट में मामूली संक्रमण के कारण उन्हें एक दिन के लिए भर्ती कराना पड़ा।

**चेन्नई में आयोजित मीडिया एंड एंटरटेनमेंट बिजनेस कॉनक्लेव में झारखंड फि ल्म डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड भी हुआ शामिल**

# शूटिंग के लिए झारखंड है उपयुक्त जगह : कुशवाहा

**बंशीधर न्यूज**

**रांची।** फि क्की की ओर से तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में आयोजित मीडिया एंड एंटरटेनमेंट बिजनेस कॉनक्लेव में झारखंड फि ल्म डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड ने भी भाग लिया। दो दिवसीय कॉनक्लेव में झारखंड, महाराष्ट्र और गुजरात पार्टनर स्टेट की भूमिका में हैं। कॉनक्लेव का उद्घाटन शुक्रवार तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने किया। इस अवसर पर साउथ के प्रसिद्ध अभिनेता कमल हसन, तृषा कृष्णन सहित दक्षिण भारत के कई फिल्मकार और कलाकारों ने भाग लिया।

कॉनक्लेव में झारखंड की ओर से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक बीरू कुशवाहा और जेएफडीसीएल के सहायक कंपनी सचिव अमन कुमार ने भाग लिया। बीरू कुशवाहा ने बताया कि नॉलेज सीरीज सेशन के दौरान उपस्थित सभी फि ल्मकारों को झारखंड में फि ल्म की शूटिंग के लिए आमंत्रित किया गया।

बताया गया कि झारखंड में फि ल्म की शूटिंग करने का काफी अनुकूल माहौल है। झारखंड की खूबसूरत वादियां और कई मनमोहक पर्यटक स्थल हैं जो फि ल्म की शूटिंग के लिए बेहतरीन हैं।

कुशवाहा ने बताया कि मीडिया एंड एंटरटेनमेंट बिजनेस कॉनक्लेव में उपस्थित फि ल्मकारों को जेएफडीसीएल की ओर से फि ल्मकारों को दिए जाने वाले अनुदान के संबंध में जानकारी दी गई। झारखंड में फि ल्म और फि ल्मकारों एवं कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए झारखंड फि ल्म डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (जेएफडीसीएल) की स्थापना की गई है।




प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)